C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 09 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 25 जून 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## मांडल पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध खनन में लिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार, दो हजार टन बजरी जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले में अवैध खनन और बजरी परिवहन पर रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मांडल थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 2,000 टन अवैध बजरी स्टॉक भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक ट्रैक्टर ट्रॉली चालक, एक बजरी स्टॉक संचालक और एक परिवहन में शामिल व्यक्ति बताया गया है। पुलिस का कहना है कि ये सभी अवैध बजरी खनन एवं परिवहन की गतिविधियों में सीधे तौर पर लिप्त थे।

### तीन आरोपियों की गिरफ्तारी

पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच में खनन में लिप्त आरोपियों की पहचान कर थानाधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया । जिसमें कमलेश पुत्र देवी लाल खटीक (उम्र 27), निवासी अमरगढ़, थाना बागोर , भंवर लाल उर्फ भंवर पुत्र बख्शू गाडरी (उम्र 27), निवासी गाडरी खेड़ा, थाना मांडल एवं शंकर लाल पुत्र नंदराम गुर्जर (उम्र 56), निवासी मेजा बांध रोड, थाना मांडल को हिरासत में लिया गया है ।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी शंकर लाल गुर्जर की निशानदेही पर थाना मांडल क्षेत्र में एक स्थान से करीब 2,000 टन बजरी का अवैध स्टॉक भी ज़ब्त किया है।







**खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**

दिनांक 15 जून 2025 को खनन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मांडल क्षेत्र की समीपवर्ती समेलिया कोठारी नदी में अवैध बजरी खनन की सूचना पर कार्रवाई की गई। मौके से टीम ने 2 डंपर बजरी, 1 जेसीबी मशीन, 2 पोकलेन मशीन और 1 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की। इस दौरान कुल 128 टन बजरी को भी ज़ब्त कर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था।

## NH-27 बना 'फिश हाईवे', ट्रेलर से गिरी हजारों मछलियाँ, ग्रामीण थैलियों में भरकर ले गए

भीलवाड़ा फोकस @बिजौलिया

नेशनल हाईवे-27 पर मंगलवार सुबह एक हैरान कर देने वाला नज़ारा देखने को मिला, जब कोटा की ओर मछलियों की सप्लाई ले जा रहा एक ट्रेलर सलावटिया स्थित विद्युत ग्रिड के पास पहुंचा और अचानक उसका पिछला गेट खुल गया। देखते ही देखते ट्रेलर में भरी हजारों मछलियाँ सड़क पर बिखर गई और पूरा फोरलेन मछलियों से पट गया।

हादसा होते ही हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वाहन रफ्तार थामने लगे और कुछ समय के लिए जाम जैसे हालात बन गए। वहीं आसपास के ग्रामीण और राहगीर बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और थैलियों, बाल्टियों व कट्टों में मछलियाँ भरकर अपने-अपने रास्ते हो लिए। कई लोगों के चेहरे पर ऐसा उत्साह था जैसे अचानक उन्हें 'जलजंगल की दौलत' मिल गई हो। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर चालक को काफी देर तक इस घटना का अंदाजा ही नहीं था। वह लगभग 100 मीटर आगे निकल गया, जब पीछे मछलियों की बारिश जैसे दृश्य से सड़क गुलजार हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार, ट्रेलर का पिछला गेट ठीक से लॉक नहीं होने के कारण यह वाकया हुआ।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने पहली बार ऐसा नज़ारा देखा, जब सड़क पर हजारों मछलियाँ बिखरी हों और लोग उन्हें उठाकर अपने घर की ओर रवाना हो रहे हों।



बिजोलिया : हाइवे पर बिखरी मछलियाँ



बिजोलिया - कट्टो में मछलियों को भरकर घर ले जाते ग्रामीण

## स्टीयरिंग और ब्रेक फेल होने के बाद बड़ा हादसा टला, चालक की सूझबूझ से बचीं 62 जानें

### चावंडिया के पास हाईवे पर रोडवेज बस हुई अनियंत्रित, दीवार से टकरा कर रुकी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नेशनल हाईवे-758 पर मंगलवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब भीलवाड़ा से कोटा जा रही एक रोडवेज बस की स्टीयरिंग और ब्रेक अचानक फेल हो गए। बस में 62 सवारियां मौजूद थीं। लेकिन चालक दीपक शर्मा की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया।

घटना चावंडिया के पास भारतीय किसान सेवा केंद्र के निकट की है। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण सुभाष ओझा के अनुसार, कोटा डिपो की बस जैसे ही चावंडिया के पास पहुंची, अचानक स्टीयरिंग और ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया। इस दौरान बस अनियंत्रित हो गई और सवारियों में चीख-पुकार मच गई।

हालात को भांपते हुए चालक ने सूझबूझ से बस को समतल व कच्चे रास्ते की ओर मोड़ा और हाईवे से कुछ दूरी पर ले जाकर बस को एक करीब 2 फीट ऊंची दीवार से टकराकर मिट्टी में फंसा दिया, जिससे बस रुक गई। इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सभी यात्री सहम गए।

घटना की सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। इधर, घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व राहगीर जमा हो गए। लोगों ने चालक की त्वरित समझदारी की सराहना की, जिससे दर्जनों जिंदगियां बच गईं।




## खदान में नहाने के दौरान किशोर की डूबने से मौत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



बनेड़ा थाना क्षेत्र मे लाम्बिया खुर्द गांव मे मंगलवार को दोस्तों के साथ बकरियां चराने गये एक किशोर की नहाने के दौरान खदान में डूबने से मौत हो गई। बनेड़ा थाना प्रभारी मूलचंद ने बताया कि कालू ( 14 ) पिता नंदराम बेरवा अपने दोस्तों के साथ बकरियां चराने गया था। इसी दौरान वे, पास ही में एक खदान में नहाने लगा । कालू का पैर फिसलने से वह गहराई में चला गया और डूब गया। दोस्तों ने आधा घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर रायला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची । उधर, कालू को बनेड़ा सीएससी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बनेड़ा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना से गांव में शोक छा गया।

## सांसद अग्रवाल ने गडकरी व राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर से की मुलाकात



भीलवाड़ा : नितिन गडकरी से मुलाक़ात के दौरान सांसद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सांसद दामोदर अग्रवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली मे केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट कर सड़क एवं परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भीलवाड़ा के दो राजमार्गों पर सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड (CRIF) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लगभग रूपए 100 करोड़ आवंटन करने के लिए भीलवाड़ा के निवासियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया । प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने दिल्ली में भारत के राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहटकर से भी उनके नई दिल्ली स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की । इस दौरान विजया राहटकर के नेतृत्व मे राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा महिलाओं के हित में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा हुई। अग्रवाल ने बताया कि गर्व की बात है कि देश में आधी आबादी के हितो के लिए आयोग की बडी भूमिका है।

नारी शक्ति के उत्थान को समर्पित, सौम्य, सरल और कर्मठ व्यक्तिव की धनी विजया ताई को अपने संसदीय क्षेत्र भीलवाड़ा मे आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होने सहर्ष स्वीकार किया ।




भीलवाड़ा : महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाक़ात

## शाहपुरा-बनेड़ा स्टेट हाईवे पर सड़क हादसा, 2 घायल

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

शाहपुरा-बनेड़ा स्टेट हाईवे पर स्थित सरदार नगर के पास मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान भीलवाड़ा से कांग्रेस कार्यक्रम में शामिल होकर शाहपुरा लौट रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराई और भीलवाड़ा स्थित अस्पताल भिजवाया। इस दौरान शाहपुरा ब्लॉक कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष हनुमान वैष्णव, प्रधान चाड़ा, पूर्व यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी, सुरेंद्र नाथ शिवराज आचार्य और इकबाल मंसूरी शामिल रहे।



C M Y K

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत पालड़ी ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित

## मांडल विधायक भड़ाणा ने जनसमस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राज्य सरकार द्वारा अंत्योदय की भावना के अनुरूप आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा का आयोजन जिलेभर में किया जा रहा है। इस पखवाड़ा के अंतर्गत सुवाणा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पालड़ी में मंगलवार को बहुविभागीय शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में मांडल विधायक उदयलाल भड़ाणा ने सहभागिता करते हुए आमजन की जनसमस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। विधायक ने बताया कि उनकी निगरानी टीम विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसुविधाओं व विकास कार्यों की प्रगति पर ध्यान दे रही है।

उन्होंने बताया कि मांडल विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में 106 विद्यालयों में अतिक्रमण की स्थिति थी, जिनमें से लगभग 50 विद्यालयों से अतिक्रमण हटाया जा चुका है और शेष स्थानों पर कार्रवाई जारी है। अतिक्रमण हटाने और निगरानी के लिए एक विशेष फॉलो टीम का गठन भी किया गया है, जो प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत है।

विधायक भड़ाणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब, किसान, महिला एवं युवा वर्ग के सामाजिक और आर्थिक उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में 9 जुलाई तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पखवाड़ा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंदों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सके।

शिविर में विकास अधिकारी गुलाब सिंह गुर्जर ने जानकारी दी कि सुवाणा पंचायत समिति की तीन ग्राम पंचायतों में पखवाड़ा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ ऑन-द-स्पॉट लाभान्विति की जा रही है।

इस अवसर पर अजमेर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र कुमार संचेती, ग्राम पंचायत पालड़ी के जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। शिविर में 24 विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर सेवाएं प्रदान की गई।

# वैकल्पिक मार्ग को स्थायी बनाने की उठी मांग, यात्रियों और स्थानीयों को मिलेगा लाभ

## फ्लाईओवर निर्माण के चलते चल रहे अस्थायी रूट से बड़ी आबादी को फायदा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

(कमलेश सोनी) राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर फतेहपुर चौराहे पर फ्लाईओवर और मालीपुरा लिंक रोड पर निर्माण कार्य के चलते इन दिनों बिजौलियां आने वाली रोडवेज बसें किशन निवास कट से होकर पार्श्वनाथ चौराहा, शक्करगढ़ चौराहा होते हुए नगर में प्रवेश कर रही हैं। इस अस्थायी मार्ग से नगर की अधिकतम आबादी को फायदा मिलने से अब इसी मार्ग को स्थायी रूट बनाने की मांग तेज हो गई है।




### अस्थायी रूट से मिलेंगे अनेक लाभ -

इस मार्ग से देवनारायण चौराहा, इंद्रा कॉलोनी, शक्करगढ़ सहित कई प्रमुख आबादी क्षेत्र कवर हो जाते हैं, जिससे यात्रियों को सीधे अपने गंतव्य पर उतरने-चढ़ने की सुविधा मिलती है। साथ ही, रीको, उपखंड व तहसील कार्यालय, कोर्ट, कृषि मंडी, स्कूल-कॉलेज जैसे सभी जरूरी संस्थान भी इसी मार्ग पर स्थित हैं। हालांकि इस रूट से 2 किमी अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, लेकिन इससे यात्रियों की सुगमता, बस भार और राजस्व में बढ़ोतरी संभव है।

### दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत -

यह मार्ग दैनिक यात्रा करने वाले श्रमिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और सैलानियों के लिए अधिक सुविधाजनक रहेगा। इसके अलावा, बस स्टैंड का उपयोग और आसपास के दुकानदारों को भी लाभ मिलेगा। तेजाजी चौक पर बसों के ठहराव से होने वाले जाम की समस्या भी कम हो सकती है।

### वर्तमान स्थिति और संभावनाएं -

फिलहाल चित्तौड़गढ़ व उदयपुर जाने वाली बसें बिजौलियां शहर में प्रवेश नहीं करतीं और फ्लाईओवर निर्माण के बाद इनके पूरी तरह शहर से बाहर निकलने की आशंका है। ऐसे में नागरिकों ने मांग की है कि इन बसों को भी शहर से होकर गुजारा जाए। शहर में ऑटो और रिक्शा जैसी नगरीय परिवहन सुविधा नहीं होने से यह अस्थायी बस मार्ग जनता के लिए वरदान साबित हो सकता है।

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

# जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में पखवाडे के पहले दिन जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण



भीलवाड़ा : जहाजपुर में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर संधू एवं विधायक मीणा



भीलवाड़ा : शिविर में मौजूद ग्रामीण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भीलवाड़ा । राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेशभर में 24 जून से 9 जुलाई तक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी रूप से लाभ सुनिश्चित करना है।

इसी क्रम में मंगलवार को जिला कलेक्टर जसमीत संधू ने जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में जाकर शिविरों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### शिविर में चल रहे कार्यो की प्रगति की जानकारी ली

पखवाड़े के प्रथम दिन जिला कलेक्टर संधू ने जिले में बनेड़ा पंचायत स्थित निंबाहेड़ा ग्राम में आयोजित शिविर , शाहपुरा पंचायत समिति स्थित ग्राम आमली कला में आयोजित शिविर , जहाजपुर स्थित कुराडिया में आयोजित शिविरों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने शिविरों में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और वहां उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं लाभार्थियों से संवाद कर जानकारी प्राप्त की।

### गरीबी मुक्त राजस्थान की ओर एक सार्थक कदम

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर संधू ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य ''गरीबी मुक्त राजस्थान'' बनाना है, जिसके तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना के प्रथम चरण में प्रदेश के 5,000 गांवों को चयनित कर वहां के सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने हेतु योजनागत सहायता दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस पखवाड़े के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। पखवाड़े का संचालन समन्वयपूर्ण एवं प्रभावी रूप से हो, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर गहन मॉनिटरिंग की जा रही है।

### जिला कलेक्टर ने शिविर में ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को लाभान्वित करने के दिए विशेष निर्देश -

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए है कि शिविर में ज्यादा से ज्यादा पात्र आमजन को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के लक्षित परिवारों को चिन्हित कर उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित पत्थरगढ़ी एवं सीमाज्ञान प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए। पात्र लाभार्थियों को स्वामित्व पट्टों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित किया जाए। मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण समयबद्ध किया जाए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों का शीघ्र निपटारा किया जाए। नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य में तेजी लाई जाए।

### अतिक्रमण हटाने व राजस्व प्रकरणों के निस्तारण पर विशेष बल

संधू ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक रास्तों और जल संरचनाओं से अतिक्रमण को प्राथमिकता से हटाया जाए और लंबित राजस्व प्रकरणों में आपसी सहमति बनाकर त्वरित निर्णय लिए जाएं।

### समन्वय से होगा पखवाड़े का प्रभावी क्रियान्वयन

जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समन्वय से कार्य करते हुए पखवाड़े के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सजग रहने की अपील की। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर में आए आमजन के प्रार्थना पत्र को पंजीकृत कर सभी पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करें। आमजन को योजनाओं की ज्यादा से ज्यादा जानकारी देकर जागरूक करें। निरीक्षण के दौरान जहाजपुर में स्थानीय विधायक गोपीचंद मीणा सहित संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी, तहसीलदार, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जैन मुनि वर्धमान सागर का 36 वां आचार्य पदारोहण 25 को स्वस्तिधाम में

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

आचार्य शांतिसागर की बाल ब्रह्मचारी परम्परा के पंचम पट्टाधीश , वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर जी का 36 वां आचार्य पदारोहण दिवस स्वस्ति धाम जहाजपुर में बुधवार को मनाया जाएगा। 36 मूलगुण धारी आचार्य संघ में 36 पिच्छीधारी है। बिजौलियां नगर के बड़ा जैन मंदिर में पंच कल्याणक महोत्सव के बाद आचार्य संघ का पदविहार चल रहा है। समारोह में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में बिजौलियां से भी श्रावकगण पहुंचेंगे। संत शाला में इसको लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

# सीएसआर की समीक्षा बैठक 27 जून को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान अंतर्गत सीएसआर कॉनक्लेव में दिये गये निर्देशों की समीक्षा के लिए 27 जून को सुबह 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सीएसआर बैठक आयोजित होगी।

# जिला स्तरीय लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह 25 जून को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला स्तरीय लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार 25 जून को सायं 4 बजे महाराणा प्रताप सभागार नगर निगम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में आपातकाल पर संवाद तथा लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा।

## QUICK BITES

# विश्व जनसंख्या दिवस पर दो चरणों में विशेष अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

छोटा परिवार, खुशहाल जीवन÷ के संदेश को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में दो चरणों में विशेष जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

**पहला चरण- मोबिलाइजेशन पखवाड़ा (27 जून से 10 जुलाई )**

इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर योग्य दंपतियों से संपर्क करेंगे। उन्हें सीमित परिवार, अंतराल के लाभ, अंतरा इंजेक्शन व पुरुषों की भागीदारी जैसे विषयों पर जागरूक किया जाएगा।

**दूसरा चरण- सेवा प्रदाय पखवाड़ा (11 - 24 जुलाई)**

परिवार विकास मेलों व आईईसी गतिविधियों के माध्यम से जनसहभागिता बढ़ाई जाएगी। मेलों में परामर्श, साधन वितरण और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी व अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि अभियान की नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट राज्य स्तर पर भेजी जाएगी।

# आजाद नगर माहेश्वरी महिला संगठन ने लिया पिकनिक का आनंद, पूल पार्टी मे की धमाल-मस्ती

## विभिन्न खेल खेले, विजेता रहे सभी प्रतिभागियो को किया पुरस्कृत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा






(पंकज पोरवाल) सावन के आगमन की खुशी में आजाद नगर माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा पिकनिक का आनंद लिया गया। जिसमें मंडल की सदस्यों ने खूब बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ समय बिताया और जमकर इंजॉय किया। अध्यक्ष राखी राठी ने बताया सावन के आगमन की खुशी मे सदस्याओ द्वारा निजी रिसोर्ट में पारिवारिक पूल पार्टी का आयोजन किया। तरह-तरह के गेम्स खेलकर बचपन के दिनों को याद किया। अंताक्षरी, सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रम, हाउजी गेम के साथ ही डीजे की धुन पर मौज मस्ती और धमाल का आनंद सभी सदस्याओ ने लिया। सदस्यों ने बताया कि घर-परिवार के साथ तो हमेशा ही एंजॉय करते हैं लेकिन दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने का उत्साह ही अलग आता है।

सचिव संगीता काकानी ने बताया कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल खेले गए। विजेता रहे सभी प्रतिभागियो को पुरस्कार वितरित किए गये। आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। अंत मे सभी सदस्याओ ने दाल बाटी चूरमा का आनंद लिया। इस दौरान मानकंवर काबरा, शीतल बिड़ला, सुनीता ईनाणी, सुमन चौधरी, प्रेमसुधा अजमेरा, ममता चेचानी, अलका सोडाणी, अर्चना अजमेरा, गोरी जागेटिया, उमा धुत, मधु सोडाणी, पिंकी जागेटिया, सुमन डागा, पूनम माहेश्वरी, स्नेहलता समदानी, टीनू लढा, मोनिका झंवर, मीनाक्षी दरगड, सपना काबरा, सोनल माहेश्वरी, पायल सेठिया, उषा तोतला, मीनल सोमानी, संतोष काबरा, अंजू अजमेरा, सीमा तोषनीवाल, प्रेम सोनी, सरोज नराणीवाल सहित कई सदस्याए उपस्थित रही।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा में झलकी उम्मीद की रोशनी

## मेघरास निवासी ने टीबी को हराकर पाई नई ज़िंदगी, कहा- " राज्य सरकार की योजना ने बचाई मेरी जान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भीलवाड़ा । पंचायत समिति बनेड़ा के मेघरास ग्राम निवासी की प्रेरणादायक सफलता की कहानी पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के दौरान आयोजित शिविर में सामने आई। यह कहानी न सिर्फ उनके जीवन की जीत है, बल्कि सरकारी योजनाओं की जमीनी सफलता का प्रमाण भी है।

यह ग्रामीण टीबी जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और इलाज करवा पाना उनके लिए असंभव सा था। लेकिन सरकार द्वारा संचालित निशुल्क टीबी उपचार योजना और नियमित सहायता राशि ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। सरकारी अस्पताल में उन्हें सभी आवश्यक जांचें और दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही, सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि भी उन्हें नियमित रूप से प्राप्त होती रही, जिससे उन्हें पोषण और दवा लेने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

उन्होंने बताया कि ÷इलाज तो मिला ही, लेकिन हर महीने मिलने वाली सहायता राशि से मुझे ताकतवर भोजन मिल सका। सरकार की इस योजना और आर्थिक मदद ने ही मुझे मौत के मुंह से निकाला।

आज वे पूरी तरह स्वस्थ हैं और अपने परिवार के साथ सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने सरकार का दिल से आभार प्रकट किया और अन्य ग्रामीणों से भी अपील की कि ऐसे शिविरों में भाग लें और योजनाओं का लाभ उठाएं।

यह कहानी अंत्योदय की सच्ची भावना को दर्शाती है, जब सरकार की योजनाएं ज़रूरतमंद तक नियमित रूप से पहुंचती हैं, तो जीवन बदलना निश्चित है।

# जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंक समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

## जिला कलेक्टर ने बैंकों को शिक्षा ऋण वितरण, साइबर सुरक्षा जागरूकता के दिए निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भीलवाड़ा : बैठक लेते कलेक्टर

जिले की मार्च-2025 तिमाही की जिला स्तरीय बैंकिंग समन्वय एवं समीक्षा समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में जिला कलक्टर सभागार मे आयोजित हुई। बैठक मे जिला कलक्टर ने राजीविका समूहों के बचत खाते खोलने में एवं समूहों के क्रेडिट लिंकेज में अपेक्षित सहयोग देने के बारे मे निर्देशित किया, ताकि राज्य सरकार कि मंशा के अनुरूप उन्हें आजीविका प्रदान कर अधिक से अधिक पात्र महिला समूहों को आत्मनिर्भर किया जा सके। भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में समूह के बचत खाते खोलने में आ रही समस्याओं को तत्काल दूर करने के लिए निर्देशित किया । जिला कलक्टर ने पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत लंबित ऋण आवेदनों एवं सीएम स्वनिधि योजनांतर्गत अधिक से अधिक ऋण वितरित करने के निर्देश दिये। शिक्षा ऋण के क्षेत्र में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण आगामी बैठकों में शिक्षा ऋण की त्रैमासिक प्रगति प्रस्तुत करने एवं बैंकों को अधिक से अधिक ऋण वितरित करने के लिए निर्देशित किया। डॉ भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना एवं प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना में बैंकों में लंबित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया।

अग्रणी जिला प्रबन्धक अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिले की वार्षिक साख योजना की समीक्षा में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 31 मार्च 2025 तक रुपये 13944.95 करोड़ के ऋण वितरण कर वार्षिक लक्ष्य रुपये 16634.90 करोड़ के 83.83 प्रतिशत प्राप्ति की।

भारतीय रिज़र्व बैंक (प्रबंधक) सुश्री चेतना गोयल ने प्रधानमंत्री जनधन योजनांतर्गत खोले गए खातों को केवाईसी के अभाव में फ्रीज़ ना करने हेतु निर्देशित किया जिससे उनकी सरकारी योजनाओं से संबन्धित सब्सिडी जमा होने में परेशानी ना हो। साइबर धोखाधड़ी के मामलों में बैंकों को धोखाधड़ी की राशि को फ्रीज़ करने के लिए निर्देशित किया, ना कि सम्पूर्ण खाते को जिससे पीड़ित व्यक्तियों को अपने खातों को संचालित करने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े एवं इस संबंध में सभी बैंकों को कम से कम प्रतिमाह एक वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित करने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने रुडसेट संस्थान सुवाणा की जून तिमाही की कार्यनिष्पादन की प्रगति की समीक्षा की एवं संस्थान द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं उनसे सृजित होने वाले रोजगार से संबन्धित विभिन्न बैंकों में लंबित ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया जिससे अधिक से अधिक संख्या में आमजन को इसका लाभ मिल सके ।

बैठक में बैंक ऑफ बड़ौदा के उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री अमित टुकड़िया, आरजीबी के क्षेत्रीय प्रमुख श्री अजय कुमार दुग्गल, जिला उद्योग केंद्र से संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक श्री के.के. मीणा, रुडसेट संस्थान से निदेशक श्री रवि टेलर, राजीविका डीपीएम श्री नगेंद्र एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयक तथा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# धर्मनगरी भीलवाड़ा बनेगी ऐतिहासिक शिव महापुराण कथा की साक्षी

## 9 से 15 सितंबर तक पं. प्रदीप मिश्रा करेंगे कथा वाचन, लाखों भक्त होंगे शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में भीलवाड़ा एक और ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। 9 से 15 सितम्बर तक प्रख्यात कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु उमड़ने की संभावना है। आयोजन स्थल मेडिसिटी ग्राउंड, आजाद नगर रहेगा।

इसको लेकर संकटमोचन हनुमान मंदिर में आयोजित बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया। विधायक अशोक कोठारी अध्यक्ष, राधेश्याम सोमानी कार्यकारी अध्यक्ष, सांसद दामोदर अग्रवाल व महापौर राकेश पाठक संरक्षक बनाए गए। महिला अध्यक्ष के रूप में मंजू पोखरना को जिम्मेदारी सौंपी गई। संत बाबूगिरीजी व संत संतदासजी के सानिध्य में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में संतों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया है । कार्यकारी अध्यक्ष सोमानी ने कहा कि यह आयोजन सभी भीलवाड़ावासियों का है, और इसमें तन-मन-धन से सभी को जुड़ना होगा।

देशभर से आएंगे संत, होगा लाइव प्रसारण कथा में देशभर से 200 से अधिक संत, महामंडलेश्वर व शंकराचार्य शामिल होंगे। निरंजनी अखाड़ा परिषद के पंच परमेश्वर के दर्शन का लाभ भी मिलेगा। आयोजन का देशभर में सीधा प्रसारण होगा। श्रद्धालुओं के लिए 80 से अधिक एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी।

बैठक में कई प्रमुख भक्तगण, सामाजिक कार्यकर्ता और महिलाएं मौजूद रहीं।

# कुर्सी बचाने की खातिर संविधान को किया दागदार : सी.पी. जोशी

## डॉ. मुखर्जी को धारा 370 हटाना सच्ची श्रद्धांजलि – लोकतंत्र सेनानियों का हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के तत्वावधान में मंगलवार को आपातकाल दिवस व जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जिला स्तरीय विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में पुष्पांजलि, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान और उनके अनुभवों का साझा किया गया।

गोष्ठी के मुख्य वक्ता एवं पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रणेता थे। उन्होंने ÷एक देश, दो विधान, दो प्रधान÷ का खुला विरोध किया। केंद्र की मोदी सरकार ने धारा 370 हटाकर उनके संकल्प को साकार किया, जो उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

उन्होंने आपातकाल को लोकतंत्र का काला अध्याय बताते हुए कहा कि 25 जून 1975 की रात देश को जेल बना दिया गया, संविधान को कुर्सी की खातिर दागदार किया गया, मीडिया पर सेंसरशिप लगी और न्यायपालिका को दबाने की कोशिश हुई।

प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया ने कहा कि यदि आपातकाल के समय लोकतंत्र रक्षकों ने आवाज नहीं उठाई होती, तो लोकतंत्र केवल इतिहास बनकर रह जाता। आज का दिन हमें उनके संघर्ष की याद दिलाता है।

जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आपातकाल के दर्द को झेलने वालों का सम्मान हमारा कर्तव्य है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन पुनः शुरू किए जाने को सराहा।





कार्यक्रम में विधायक झब्बर सिंह सांखला, जिला प्रमुख बरजी देवी भील, पूर्व विधायक बद्री प्रसाद गुरुजी, महापौर राकेश पाठक, सुभाष चंद्र बहेड़िया, शंकरलाल गुर्जर, विठ्ठल शंकर अवस्थी, डॉ. बालूराम चौधरी, रामचंद्र सेन सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में 23 लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिजनों का भी सम्मान किया गया। उन्हें शॉल, श्रीफल व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित सेनानियों में रजनीकांत आचार्य, प्रह्लाद सोडाणी, दयाराम मैठानी, नानकराम सिंधी, कैलाशचंद सोमानी, गोविंद नारायण राठी, बद्रीप्रसाद गुरुजी, देवेंद्र बेली, सत्यनारायण टेलर, दामोदर अग्रवाल, भगवानराव पाटिल सहित अन्य शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रह्लाद त्रिपाठी ने किया। संगोष्ठी के संयोजक मंडल में गोपाल तेली, रितु शेखर शर्मा, नागेंद्र सिंह राव, चेतन चौबे, मोहिनी माली, सुरेंद्र सिंह मोटरास, लवकुश जोशी, अजीत सिंह केसावत, रेखा परिहार, ललित अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिन्दुस्तान जिंक ने मलेशिया में ग्लोबल गैल्वनाइजिंग कॉन्फ्रेंस में किया सस्टेनेबल जिंक नवाचारों और समाधानों को प्रस्तुत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(पंकज पोरवाल)** दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने मलेशिया के गैल्वनाइजर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 13वें एशिया पैसिफिक जनरल गैल्वनाइजिंग सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए सस्टेनेबल जिंक समाधानों का नेतृत्व कर नवाचारों को प्रस्तुत किया। यह प्रमुख कार्यक्रम 23 से 26 जून तक कुआलालंपुर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जा रहा है, जिसने कंपनी को अपनी वैश्विक क्षमताओं को उजागर करने के लिए रणनीतिक मंच प्रदान किया। बूथ नंबर 10 पर, हिन्दुस्तान जिंक के पवेलियन में एक आकर्षक 3डी ऑगमेंटेड रियलिटी अनुभव पेश किया गया, जिसने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को कंपनी के उन्नत, प्रौद्योगिकी-संचालित संचालन का सीधा अनुभव कराया।

कंपनी ने गैल्वनाइजिंग इंडस्ट्रीज वर्तमान परिदृश्य और प्रभाव नामक एक विचारशील सत्र का भी नेतृत्व किया, जिसमें वैश्विक लीडर, जंग विशेषज्ञ और नीति निर्माताओं और सस्टेनेबल स्थायी बुनियादी ढांचे के निर्माण में जिंक की उभरती भूमिका पर चर्चा की।

हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ, अरुण मिश्रा ने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया क्लीन एनर्जी प्रणालियों की ओर बढ़ रही है, ज़िंक का महत्व अभूतपूर्व दर से बढ़ रहा है। हमें इस वैश्विक मंच पर अपने एकीकृत संचालन को प्रस्तुत करने पर गर्व है। दक्षिण पूर्व एशिया के तेजी से विकास के साथ, उच्च गुणवत्ता वाले जिंक की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करना एक रणनीतिक प्राथमिकता है। हमारी भागीदारी के माध्यम से, हम मेक इन इंडिया, फॉर द वर्ल्ड के दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं, भारतीय विनिर्माण को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी, विश्वसनीय और भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं। पूरी तरह से एकीकृत माइन-टू-मेटल उत्पादक के रूप में, हिन्दुस्तान ज़िंक वैश्विक बाजारों में महत्वपूर्ण धातुओं की एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला और निर्बाध डिलीवरी की गारंटी देता है। कंपनी के विविध पोर्टफोलियो में लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) में पंजीकृत विश्व स्तरीय उत्पाद शामिल हैं जैसे स्पेशल हाई-ग्रेड (एसएचजी) जिंक, हाई-ग्रेड (एचजी) जिंक, एशिया का पहला कम-कार्बन ग्रीन जिंक इकोजेन, प्राइम वेस्टर्न (पीडब्लू) जिंक, कंटीन्यूअस गैल्वनाइजिंग ग्रेड (सीजीजी) जिंक, स्पेशल हाई-ग्रेड जंबो जिंक, हाई-ग्रेड (एचजी) जंबो जिंक, हिंदुस्तान जिंक डाई कास्टिंग अलॉयज 3 और 5, स्पेशल हाई-ग्रेड लेड, साथ ही लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलबीएमए) में पंजीकृत सिल्वर बार (30 किलो और 1 किलो) और सिल्वर पाउडर, अन्य प्रकारों के साथ है।




कंपनी इकोजेन भी प्रदान करती है, जो एशिया का पहला कम-कार्बन ग्रीन जिंक है, जिसे रिन्यूएबल एनर्जी का उपयोग करके उत्पादित किया जाता है और जिसका कार्बन फुटप्रिंट वैश्विक औसत से लगभग 75 प्रतिशत कम है। जिंक गैल्वनाइजेशन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो स्टील को जंग से बचाता है और इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमेटिव,रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेन्स, उच्च तकनीक विनिर्माण और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सहित प्रमुख क्षेत्रों का समर्थन करता है। गैल्वनाइजेशन स्टील संरचनाओं की सुरक्षा का सबसे प्रभावी तरीका है। भारत, मलेशिया, इंडोनेशिया, वियतनाम और श्रीलंका जैसे दक्षिण एशियाई देशों के लिए, जहां विशाल तटरेखाएं और उष्णकटिबंधीय जलवायु बुनियादी ढांचे को नमक-युक्त हवा के संपर्क में लाती हैं, गैल्वनाइजेशन सिर्फ अनुशंसित नहीं है, बल्कि आवश्यक है। जंग इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आर्थिक बोझ है। भारत, अपनी 7,800 किलोमीटर लंबी तटरेखा के साथ, इसी तरह की जंग चुनौतियों का सामना करता है, जिसमें सालाना अर्थव्यवस्था को अपने सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 5 प्रतिशत, यानी 100 बिलियन डॉलर से अधिक का नुकसान होता है जिसे रोका जा सकता है। जिंक-आधारित गैल्वनाइजिंग समाधानों को अपनाने से, ये देश महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के जीवनकाल को बढ़ा सकते हैं, रखरखाव लागत को कम कर सकते हैं और मूल्यवान संसाधनों को विकास के अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में पुनर्निर्देशित कर सकते हैं। जिंक उत्पादन में भारत का नेतृत्व इन विकासशील देशों में दीर्घकालिक आर्थिक और संरचनात्मक लचीलेपन का समर्थन करते हुए जंग से प्रभावी ढंग से निपटने की क्षेत्र की क्षमता को मजबूत करता है। हिंदुस्तान जिंक दुनिया के सबसे बड़े जिंक उत्पाद पोर्टफोलियो में से एक प्रदान करता है, जो 40 से अधिक देशों को ग्राहक नवाचार पर मजबूत ध्यान केंद्रित करने के साथ आपूर्ति करता है। कंपनी की ग्राहक तकनीकी सेवा टीम और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करते हैं। हिंदुस्तान जिंक के उत्पाद भारत में पर्यावरणीय उत्पाद घोषणा (ईपीडी) सत्यापित होने वाले पहले उत्पाद हैं, जो पर्यावरणीय प्रभाव में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं और गुणवत्ता के लिए बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) द्वारा प्रमाणित हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी के पास यूरोप में अपने उत्पादों के निर्यात के लिए रीच (आरईएसीएच) गुणवत्ता प्रमाणन भी है।

## QUICK BITES

### केकड़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 5 साल से फरार 10 हज़ार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

**एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित, 220 किलो डोडा पोस्त मामले में था नामजद आरोपी**

**भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी**




केकड़ीः पुलिस हिरासत में इनामी बदमाश

**( दिलखुश मोटीस )** अजमेर जिले में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत केकड़ी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 220 किलो डोडा पोस्त तस्करी के मामले में 5 साल से फरार ?10 हज़ार के इनामी तस्कर ओमप्रकाश टांडी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्योराजमल मीणा एवं वृत्ताधिकारी हर्षित शर्मा के सुपरविजन में की गई।

पुलिस में बताया की 5 दिसंबर 2020 को केकड़ी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गुलगांव ग्राम में एक लावारिस इनोवा का खड़ी है, जिसमें मादक पदार्थ हो सकते हैं। तलाशी लेने पर कार से 13 बोरों में भरे 220 किलो डोडा पोस्त बरामद किए गए थे। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

जिसमे मुख्य आरोपी ओमप्रकाश टांडी पुत्र हिम्मतराम, निवासी खडकाली, थाना पाचोड़ी, जिला नागौर फरार चल रहा था। आरोपी लगातार ठिकाने बदलता रहा, लेकिन पुलिस की सतर्क निगरानी और निरंतर प्रयासों के चलते आखिरकार उसे दबोच लिया गया।

पुलिस ने बताया है ओमप्रकाश टांडी शातिर किस्म का अपराधी है और उस पर मादक पदार्थ तस्करी के अन्य मामलों में भी जांच जारी

### आठ दिवसीय धार्मिक शिविर 25 से शुरु

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

निर्यापक मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज के आशीर्वाद व प्रेरणा से आठ दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविर 25 जून से 2 जुलाई तक नगर के दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर की संत शाला में आयोजित किया जाएगा। समाज के प्रतिनिधि प्रदीप गोधा के अनुसार श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वावधान में 25 जून को प्रातः 9 बजे कलश स्थापना, चित्र अनावरण,दीप प्रज्ज्वलन,व जिनवाणी स्थापना के साथ शिविर का शुभारंभ होगा। प्रतिदिन धार्मिक कक्षाओं में महिलाओं के लिए प्रातः 8.30 से 9 बजे तथा रात्रि 8 से 9 बजे छहढाला, तत्त्वार्थसूत्र व अन्य तथा बच्चों के लिए सांय 7 से 8 बजे तक भाग 1 व 2 की कक्षाएं संस्थान से आने वाले विद्वत शास्त्रियों द्वारा ली जायेगी।

### सिंगोली चारभुजा में रावणा राजपूत समाज की बैठक का होगा आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**( रमेश चंद्र डाड)** – सिंगोली चारभुजा आम चौखला रावणा राजपूत समाज की बैठक अमावस्या को सिंगोली श्याम मंदिर परिसर स्थित रावणा राजपूत धर्मशाला में आयोजित होगी । समाजसेवी कालू सिंह ने बताया कि 10 बजे सुबह समाजजनो की बैठकमें धर्मशाला नवनिर्माण कार्य का लेखा - जोखा व धर्मशाला नव निर्माण में खर्च का हिसाब प्रस्तुत किया जाएगा । बैठक में समाज के सभी प्रबुद्ध जन उपस्थित रहेंगे ।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890